हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री


14 जरूरमंद को मंत्री टंकराम ने सौंपी पक्के मकान...



13 9वीं-11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित








# जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण करने पहुंचे जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भीषण गर्मी के मद्देनजर नगर में शुद्ध व नियमित जल आपूर्ति के लिये बस स्टैंड के समीप स्थापित जल शोधन संयंत्र का बीते दिवस नगर पंचायत के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी सहित पार्षद भानु प्रताप साहू, भगवती साहू और मंजू बंजारे ने निरीक्षण किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने संयंत्र के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया, जिसमें जल उपचार प्रक्रियाएं, मशीनरी और अन्य उपकरण शामिल थे। जनप्रतिनिधियों ने जल शोधन संयंत्र के कामकाज और उसकी प्रभावशीलता के बारे में जानकारी भी हासिल की। जनप्रतिनिधियों ने जल शोधन संयंत्र में महानदी से पानी आने से लेकर शुद्धिकरण कार्य के साथ टंकियों के भरे जाने की व्यवस्था के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। साथ ही गर्मियों में बंद पड़े केमिकल कक्ष में पीएच मीटर, क्लोरीन टेस्ट, टीडीएस को नियंत्रित करने की कार्य प्रणाली के बारे में पूछताछ की। इस पर मौके पर मौजूद नपा कर्मी संतोष राव और प्रीतम दास मानिकपुरी ने बताया कि बारिश के समय टीडीएस ⏵⏵ शेष पेज 13 पर

## टीडीएस को नियंत्रित करने की कार्य प्रणाली के संबंध में ली जानकारी

### बंद पड़े सोलर पैनल पर जताई चिंता

साथ ही पूर्व में लाखों की लागत से स्थापित सोलर पैनल को पुनः जीर्णोद्धार करने हेतु क्रेडा विभाग को पत्र व्यवहार करने की भी बात कही गई, जिससे बिजली की खपत कम की जा सकें।




## खबर संक्षेप

### रोहरा की दुकान में लगी भीषण आग

**भाटापारा।** क्षेत्र के रोहरा ग्राम में सौरभ इंटरप्राइजेज दुकान में लगी आग से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। वही आगजनी दुकान के बाजू दुकान में गैस सिलेंडर रखा हुआ था जिससे ग्रामीणों के बीच और दहशत का माहौल बना हुआ था भाटापारा के अग्नि दमन दल मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।

### प्रधानपाठक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गोपालपुर।** समीप ग्राम भाठा खम्हरिया के शुबास यादव ने अपने गांव के तालाब पार के पेड़ में गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिवार वाले को पता चला तब पुलिस थाना सरसींवां में सूचना दी। पुलिस ने घटना स्थल में पहुंचकर शव का पंचनाम बनाकर पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजन को सौंपा गया। यादव शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में पदस्थ थे। फांसी लगाने की सूचना गांव एवं क्षेत्र के लोगों मिली तो घटना स्थल पर भिड़ लग गई। श्री यादव पूर्व में भाठा खम्हरिया में पदस्थ थे।



### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने 15 अप्रैल को आरोपी कुलेश्वर बरिहा पिता मोतीराम बरिहा (39 साल) निवासी सरगतोरा थाना पिथौरा के कब्जे से 06 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### हथियार लहरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस हथियार लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरबसपुर मोड़ के पास एनएच 53 रोड किनारे में एक व्यक्ति हाथ में चाकू लहराकर आम जन आने जाने वाले को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी बलीराम मांडले पिता पकलू राम मांडले उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड नं 20 ग्राम बिरकोनी के कब्जे से एक चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## हादसा : दमकल से बुझाई गई आग, कई उपकरण हुए क्षतिग्रस्त

# राइस मिल में लगी आग, 2 लाख के बारदाने खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

मां फूड प्रोडक्टस रादस मिल के बारदाना गोदाम में बुधवार को अचानक आग लग गई। इस घटना से मिल में रखे लाखों के बारदाने जलकर खाक हो गए। वहीं मिल के कई उपकरण भी आग से खराब हो गए। समाचार लिखे जाने तक दमकल से आग बुझाई जा रही थी।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर लगभग 1.30 बजे ग्राम चंदेरी से बछैरा मार्ग पर स्थित मां फूड प्रोडक्टस राइस मिल के बारदाने गोदाम में अचानक आग लग गई, जिससे गोदाम में रखे जुट के लगभग 2 लाख बारदाने एवं बीस हजार प्लास्टिक बोरी जलकर राख हो गई। साथ ही राइस मिल में उपयोग होने वाले पाट्र्स भी जलकर खराब हो गए हैं। गोदाम भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक लग लगने से राइस मिल में अफरा तफरी का माहौल बन गया था।



### आस पास की फैक्ट्रियों से दमकल बुलवाया गया

आग लगने की सूचना राइस मिल के कर्मचारियों ने मिल के संचालक अजय सचदेवा को दी। जहां, सर्वप्रथम सिमगा थाना प्रभारी को अवगत कराया। साथ ही एसडीएम एवं तहसीलदार को भी घटना की सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी योगिता खापर्डे ने घटना स्थल पहुंचकर बढ़ते आग पर नियंत्रण हेतु सिमगा नगरपालिका एवं आस पास के फैक्ट्रियों से दमकल बुलवाया गया, जहां घंटों मशक्कत के बाद भी समाचार लिखे जाने तक आग नहीं बुझ पाई थी।

# दो बाइक में भिड़ंत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/पलारी

जिले में हो रहे सड़क हादसे अब गंभीर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। मंगलवार की रात करीब 10 बजे हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। घटना पलारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिर्रा के समीप की बतायी जा रही है, जहां दो बाइक आपने–सामने आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाईक चालकों की मौके पर ही मौत हो गई तथा दोनों बाइक के सामने का हिस्सा टूटकर पीछे की ओर मुड़ गया। दुर्घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पलारी पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतकों के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पलारी में पहुंचाया। हादसे में मृत नीलकमल टंडन 22 वर्ष ग्राम मतवाी एवं केसरी यादव 30 वर्ष ग्राम गिर्रा का निवासी बताया गया है।






# घर से आलमारी उठा ले गए चोर, दो लाख के जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

क्षेत्र में चोरी का अनोखा मामला सामने आया है। घर में चोरी करने गए चोरों ने आलमारी नहीं खुलने पर उसे उठा ले गए। चोरी गए सामानों की कीमत 1.5 से 2 लाख बतायी गई है। घटना की रिपोर्ट रामकृष्ण कोसले, भूषानीया कॉलोनी, परशुराम वार्ड निवासी ने थाने में दर्ज कराई।

क्षेत्र के परशुराम वार्ड स्थित श्री राधा बिल्डर कॉलोनी में चोरों ने एक ही रात में दो सूने घरों को निशाना बनाया। चोरों ने नगदी और जेवरात पर हाथ साफ किया। दरअसल यह पूरी घटना शहर थाना क्षेत्र की है, जहां चोरों ने करीब पांच लाख की चोरी को अंजाम दिया।



जानकारी के अनुसार, दोनों मकान उस समय सूने थे, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घरों की तलाशी ली और नकदी के साथ सोने-चांदी के कीमती जेवरात चुरा लिए। हैरानी की बात यह रही कि एक घर की आलमारी को चोर खेत में ले जाकर ताला तोड़ने के बाद वहीं छोड़कर फरार हो गए।

### इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कॉलोनी के रहवासी दहशत में हैं और पुलिस से इलाके में सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस आसपास क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा और आरोपियों को पकड़ कर इस कार्रवाई की जाएगी।

## 23 लीटर महुआ शराब जब्त, 3 कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

थाना लवन पुलिस की अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत बुधवार को थाना लवन की पुलिस टीम द्वारा ग्राम जुडा में घेराबंदी कर, अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 3 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से 4600 कीमत मूल्य का 23 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। आरोपी बिटावन बघेल 35 वर्ष, ताराचंद मिरी 32 वर्ष, रमेशर बंजारे 60 वर्ष तीना निवासी ग्राम जुड़ा थाना लवन के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।



## 9 वाहन चालकों से 18 हजार समन शुल्क वसूल किया गया

# सवारी ढोने 9 मालवाहक चालकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

यातायात पुलिस ने मंगलवार को यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक वाहनों का उपयोग पब्लिक सवारी के रूप में करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चेकिंग कार्रवाई भी जारी है। पूर्व में माल वाहक वाहनों में सवारी भरकर जिले के भाटापारा–बलौदाबाजार रोड डीपीएस स्कूल के पास सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मृत्यु हुई थी।




मालवाहक वाहनों का उपयोग सवारी भरने के लिए करना सड़क दुर्घटना को आमंत्रण देना है। आपरेशन विश्वास के तहत मंगलवार को यातायात पुलिस ने मालवाहक वाहनों का उपयोग पब्लिक परिवहन के रूप में करने वाले वाहन मालिकों व चालकों पर सख्त कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान में मालवाहक वाहनों में सवारी भरकर ले जाने वाले 9 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 18 हजार रूपये समन शुल्क वसूला है। सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन करने एवं मालवाहक वाहनों का उपयोग कभी भी सवारी बैठाने में नहीं करने पर जोर दिया।




## खबर संक्षेप

### उद्योगपति डॉ. मनीष बने सीजीएसआईएमए के अध्यक्ष, निशांत महासचिव





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने उद्योगपति और समाजसेवी डॉ. मनीष कुमार मंडल को छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष और उद्योगपति निशांत खेतान को महासचिव चुना गया है। छग के रायपुर के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मेसर्स आरती स्पंज एंड पॉवर लिमिटेड के निदेशक डॉ. मनीष कुमार मंडल को सर्वसम्मति से छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है। इससे पहले वे स्टील उद्योग से संबंधित विभिन्न संस्थाओं में प्रमुख पदों पर रहते हुए स्टील उद्योग के लिए विभिन्न कार्य करते हुए संस्था को आगे बढ़ाने के साथ-साथ स्टील उद्योगों के बेहतरी के लिए विभिन्न कार्य संपादित किए। डॉ. मंडल छग मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन व अन्य एसोसिएशनों में दी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभाए और नए मुकाम तक ले गए। डॉ. मंडल तथा निशांत खेतान के छग स्पंज आयरन मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव बनने पर उद्योग जगत के उद्योगपतियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### बाबा आंबेडकर के बनाए कानून से ही चल रहा है देश



**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग संगठन और धोबी समाज द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर संगठन और समाज के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा, जिस समाज में हम जन्म लिए हैं, उसके ईष्ट गुरु संत गाडगे से प्रेरणा लेकर डॉ. आंबेडकर साहेब ने संविधान लिखा था, यह बात गजेटीयर में लिखी हुई है। स्पष्ट शब्दों में कहा कि संविधान निर्माता का जन्म सप्ताह पूरे गांव में मनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम में उत्कल समाज के नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक पहुंचे, जिन्होंने शिक्षा पर जोर दिया और कहा मैंने भी डॉ. भीमराव आंबेडकर से प्रेरणा लेकर वकालत की पढ़ाई की है, गरीब और दीन दुखियों को न्याय दिलाना मेरा कर्तव्य है। समारोह में जगमोहन निर्मलकर, मंसाराम निर्मलकर, वरुण निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, नीलकंठ सिंघाड़े, भोजराम गौरखेड़े, पारस नायक, शारदा प्रसाद सोनकर, चोवाराम रजक, संतोष महानंद, सोमनाथ साहू, रोशन निर्मलकर, रामायण रजक आदि अनेक सामाजिक मुखिया शामिल रहे।

### रविवि ने घोषित किए रुके हुए परिणाम

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को पुनर्मूल्यांकन व सेमेस्टर परीक्षाओं के उपरांत विभिन्न कारणों से रोके गए छात्रों के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इनमें से कुछ नतीजे 2024 के हैं तो सत्र 2020 में रोके गए परिणामों की भी घोषणा की गई है। इसमें बीकॉम प्रथम वर्ष, बीसीए सहित स्नातकोत्तर कक्षाओं के परिणाम भी शामिल हैं। छात्र अपने नतीजे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर देख सकते हैं।

### गायों की मौत पर कांग्रेस की कमेटी ने की जांच

रायपुर। उरला के समीप गांव कन्हेरा में करीब 50 गायों की मौत के मामले की जांच के लिए बनी कांग्रेस की कमेटी ने मौके पर जाकर जांच की। इस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कमेटी ने मौके पर जाकर जांच की तो ये बात सामने आई है कि कारखानों से निकले लाल पानी और प्रदूषित चारा खिलाए जाने से गायों की मौत हुई है। जांच में ये बात भी सामने आई है कि घटनास्थल के पास गड्ढा खोदा गया है। आशंका है कि कुछ मृत गायों को जमीन में दबा दिया गया है। इसके साथ ही प्रदूषित चारे को भी नष्ट किया गया है। मृत गायों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ होगी।

# दिव्यांश की मौत मामले में निगम के अधिकारियों ने दिया नोटिस का जवाब, अपर आयुक्त को जांच का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ नगर और रामनगर के गुलमोहर पार्क के पीएमवाय परिसर के हादसों पर निगम आयुक्त के दिये गये शोकॉज नोटिस का निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने जवाब दे दिया है। आयुक्त विश्वदीप ने कहा है कि अपर आयुक्त को इसकी जांच का जिम्मा दिया गया है। एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट आ जाएगी। इसके बाद कार्रवाई सूचित की जाएगी। निगम आयुक्त ने जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव, ईई अतुल चोपड़ा, प्रभारी एई आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर, जल कार्य ठेकेदार कमल रात्रे, गुलमोहर पार्क घटना को लेकर जोन 7 कमिश्नर, एई, ईई, पीएमवाय योगेश यदु, उप अभियंता पीएमवाय अंकिता अग्रवाल और पीएमवाय योजना के ठेकेदार मेसर्स मधुसूदन अग्रवाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि सभी ने अपने जवाब दे दिए हैं। हमने एक टीम बनाई है, जो इनके जवाब का अध्ययन कर रही है। उस पर जो भी कार्रवाई होगी, सूचित किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि अपर आयुक्त को मामले की जांच का जिम्मा दिया गया है, जो कि सप्ताहभर में अपनी जांच रिपोर्ट देंगे।

## निगम आयुक्त ने कहा- कार्रवाई सूचित की जाएगी

### आयुक्त ने बनाई 4 सदस्यीय कमेटी, स्पॉट विजिट किया

जोन 7 के सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड स्थित रामनगर इलाके के गुलमोहर पार्क के पीएमएवाय कैंपस में नगर निगम द्वारा सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे में 7 वर्षीय बालक दिव्यांग की डूबने से मौत के बाद निगम में हड़कंप मच गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप ने इस मामले की जांच करने अधिकारियों की 4 सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसमें अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर और निगम उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सदस्य के रूप में शामिल हैं। टीम ने मंगलवार को घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया है। सूत्रों के मुताबिक जांच टीम ने संबंधित ठेकेदार को 2 दिन के अंदर जानलेवा गड्ढा को बंद कर उसे पूरी तरह समतल करने निर्देश दिए हैं, ताकि दोबारा इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो।




### जांच के लिए टीम बनाई

गुलमोहर पार्क के पीएमवाय कैंपस में सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे में मासूम बच्चे की मौत के मामले में शोकॉज नोटिस का जवाब मिलने के बाद अपर आयुक्त इसकी जांच कर रहे हैं। हमने कमेटी बनाई है जो एक सप्ताह में अपनी जांच रिपोर्ट देगी।

- विश्वदीप, आयुक्त नगर निगम रायपुर


## अब तक यहां पहुंच नहीं पाए गड्ढा ढूंढने वाले निगम के सब इंजीनियर

24 घंटे में गड्ढा ढूंढ कर पाटने की मियाद पूरी

# सरोना, लभांडी, जरवाय में मुंह चिढ़ा रहे जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के दो दर्जन लोकेशन पर नगर निगम द्वारा जरूरतमंदों के लिए बनाये गए पीएमवाय आवासीय परिसर और बीएसयूपी परिसर में गंदे पानी की निकासी के लिए खोदे गए गड्ढा ढूंढकर उसे पाटने महापौर मीनल चौबे ने 24 घंटे की मियाद तय की। आयुक्त के निर्देश पर दस जोन के सब इंजीनियर को मंगलवार को इन अलग-अलग लोकेशन पर गड्ढा चिन्हांकित कर उसे पाटना था, पर मियाद पूरी होने के बाद भी लभांडी, जरवाय, सरोना सहित अन्य साइट पर निगम प्रशासन को मुंह चिढ़ाते गड्ढे निगम के इंजीनियर ढूंढ नहीं पाए। वहीं विभागीय अफसरों का कहना है कि दस जोन के 50 से 60 लोकेशन में गंदे पानी की निकास के लिए खोदे गए छोटे-बड़े गड्ढों को सूचीबद्ध किया गया है। खुले में खोदे गये इन गड्ढों को अब पाटा जाएगा।



**केस 1 : जरवाय बीएसयूपी- खुले में बह रहा सीवरेज का गंदा पानी**

*जोन 8 क्षेत्र स्थित जरवाय की बीएसयूपी आवासीय कालोनी में गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से सीवरेज का बदबूदार गंदा पानी कच्चे नाले के माध्यम से खुले में बह रहा है। इसे अंडरग्राउंड करने अब तक निगम ने कोई व्यवस्था नहीं की। इससे कालोनी में रहने वालों को दमघोंटू माहौल में रहना पड़ रहा है। कीचड़ और दलदली वाली नाली की सफाई भी एक अरसे से नहीं हुई है। लोगों के घरों के सामने निकास नाली का गंदा पानी बह रहा है। ओपन ड्रेनेज होने से यहां कभी भी हादसा होने का खतरा बना हुआ है। सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीव से भी लोग आशंकित रहते हैं। ब्लाक नंबर 18 में 1 से 32 क्वार्टर के रहवासी घर के सामने खुले में बह रहे सीवरेज के गंदा पानी से त्रस्त हैं।*

**केस 2 : लभांडी- आदर्श संकल्प सोसाइटी प्रधानमंत्री आवास**

*लालबहादुर शास्त्री वार्ड की लभांडी स्थित आदर्श संकल्प सोसाइटी प्रधानमंत्री आवासीय परिसर 232 में सीवरेज से निकलने वाले गंदा पानी की निकासी के लिए जगह नहीं है, इसलिए उसे खुले एरिया में गड्ढा बनाकर छोड़ दिया गया है। कच्चे नाले नुमा गड्ढे में जलकुंभी सहित जलीय वनस्पति की भरमार है। ओपन ड्रेनेज होने से आवासीय परिसर में मच्छर और मक्खी के प्रकोप से रहवासी त्रस्त हैं। इस इलाके में पिछले साल सीवरेज का गंदा पानी बोरवेल में रिसकर जाने से पीलिया फैला था।*

**केस 3: आंबेडकर आवास वाल्मिकी नगर**

वाल्मिकी नगर स्थित आंबेडकर आवासीय परिसर में सीवरेज के गंदे पानी की निकासी के लिए बनाये गये सोकपिट की हालत बदतर हो गई है। एक अरसे से यहां नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी पसरी हुई है। जगह-जगह गड्ढों की भरमार होने से रहवासी परेशान हैं। यही नहीं, कैंपस के आसपास खरपतवार बड़ी संख्या में फैलने से शाम के बाद यहां से आना-जाना मुश्किल हो गया है। एक अरसे से इस परिसर की सुध नहीं ली गई।

**केस 4: तेलीबांधा बीएसयूपी में निकासी व्यवस्था लचर**

नगर निगम जोन 3 क्षेत्र स्थित तेलीबांधा तालाब के पास नगर निगम ने गरीब परिवारों को व्यवस्थापित कर सुरक्षित व पक्का आवास उपलब्ध कराने बहुमंजिला बीएसयूपी आवासीय परिसर बनवाया है, पर गंदा पानी की निकास व्यवस्था लचर होने और जगह-जगह गड्ढे होने से लोग परेशान हैं। नाली सफाई नियमित नहीं हो रही है।

## मुरली ने संभाली जोन 4 की कमान, बधाई देने पहुंचे सांसद, विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जोन अध्यक्ष का पदभार संभाला
- सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, सुनील सोनी सहित एमआईसी सदस्यों ने दी शुभकामना

नगर निगम जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने मंगलवार को जोन दफ्तर स्थित अपने कक्ष में पूजा अर्चना के बाद पदभार संभाला। उनके स्वागत में समर्थकों ने भव्य आतिशबाजी की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने जोन दफ्तर पहुंचकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

मोतीबाग पानी टंकी परिसर स्थित जोन 4 दफ्तर में नव निर्वाचित जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने पदभार संभाला। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, संतोष-सीमा साहू, नंदकिशोर साहू, महेंद्र खोडियार, दीपक जायसवाल,जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 6 बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 3 अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, पार्षद अजय साहू, पूर्व पार्षद सरिता वर्मा, प्रेम बिरनानी ने गुलदस्ता भेंटकर उन्हें बधाई दी।

## विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर के लिए 30 तक मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- न्यूनतम दर आधार पर होगी नियुक्ति

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों के विकास की रूपरेखा तय करने विशेष योग्यता वाले टाउन प्लानर की नियुक्त की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर 30 अप्रैल तक आवेदन मंगाए हैं। न्यूनतम दर निविदा में भरने वाले आर्किटेक्ट को इसमें मौका मिलेगा। तीन साल की समय अवधि के लिए चयनित टाउन प्लानर निगम से इम्पैनल्ड किये जाएंगे।

नगर निगम के 10 जोन स्थित शहर के 70 वार्डों में आने वाले 10 साल की जरूरत के मुताबिक विकास कार्यों की रूपरेखा बनेगी। यह रूपरेखा टाउन प्लानर तय करेगा। इसी आधार पर वार्ड विकास के लिए शासन से स्वीकृति होगी और विकास कार्य होगा। यानी पार्षदों की अनुशंसा पर कंक्रीटीकरण, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन, सड़क, चबूतरा निर्माण के लिए शासन से राशि नहीं मिलेगी।

नगर निगम ने टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन टेंडर कर दिया है। इसमें निर्धारित योग्यता रखने वाले ऑनलाइन आवेदन 30 अप्रैल तक कर सकते हैं। निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने बताया कि सबसे कम रेट कोड करने वाले आर्किटेक्ट को टाउन प्लानर के लिए मौका दिया जाएगा।

**12 से 15 टाउन प्लानर होंगे नियुक्त**


सूत्रों के मुताबिक पूरे शहरभर के लिए 12 से 15 टाउन प्लानर नगर नगर निगम नियुक्त करेगा। निगम से अनुबंधित टाउन प्लानर वार्डवार सर्वे कर 6 माह के भीतर सभी 70 वार्डों की प्लानिंग दस्तावेज नगर निगम को देंगे। योजना के मुताबिक नगर निगम से इम्पैनल्ड टाउन प्लानर की रिपोर्ट संबंधित जोन कमिश्नरी में इंजीनियर्स और पार्षद के समक्ष प्रस्तुत होगी। सहमति के बाद उसे मुख्यालय भेजा जाएगा।

## महापौर के निर्देश पर आयुक्त ने 4 विधानसभा क्षेत्र के लिए दी व्यवस्था

# पेयजल कार्यों के निरीक्षण और निगरानी के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- संधारण मद से पेयजल संबंधित कार्य के लिए सभी जोन को 4-4 लाख की स्वीकृति
- पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को अब प्रमुखता दी जाएगी




शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संबंधी कार्यो की निगरानी का सिस्टम अब मजबूत बनेगा। इसके लिए अलग-अलग नोडल और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गयी है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने पेयजल कार्यो के निरीक्षण और पर्यवेक्षण के लिए नई व्यवस्था दी है।

गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यों को अब प्रमुखता दी जाएगी। दस जोन में संधारण मद से इस कार्य के लिए 4-4 लाख रुपये और इसके बाद भी कार्य शेष रहने पर 1-1 लाख रुपये की अतिरिक्त स्वीकृति आदेश मंगलवार को निगम आयुक्त ने जारी कर दिया है। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर निगम आयुक्त विश्वदीप ने शहर के चार विधानसभा क्षेत्र के लिए विधानसभा वार नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है, उपायुक्त डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

इसी तरह पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त उमाशंकर अग्रवाल को नोडल अधिकारी, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा सहायक नोडल अधिकारी होंगी। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त पंकज शर्मा को नोडल अधिकारी और उपायुक्त रमाकांत साहू सहायक नोडल अधिकारी बनाये गए हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए अपर आयुक्त विनोद पांडे नोडल अधिकारी, उपायुक्त एके हालदार सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। नोडल और सहायक नोडल अधिकारी क्षेत्र के जन प्रतिनिधियोयं से समन्वय रखकर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संबंधी योजना का क्रियान्वयन करेंगे।

इस कार्य में संबंधित जोन के जोन कमिश्नर भी सहयोग देंगे।

# बायोगैस प्लांट : काम शुरू होने से पहले आपत्ति, महापौर बोले- नहीं लगाने देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

औद्योगिक क्षेत्र के प्रदूषण का दंश झेल रहे बिरगांव निगम के 40 वार्ड पार्षदों सहित महापौर और नेता प्रतिपक्ष ने भी बायोगैस प्लांट का विरोध करने का मन बना लिया है। इस मामले को लेकर एमआईसी मेंबर्स ने पहले ही जिला प्रशासन को ज्ञापन देते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। ऐसे में फिर से बायोगैस का मसौदा जमीन तलाशने के चक्कर में फंसने वाला है।

रायपुर और बिरगांव निगम के वार्डों से रोज मिलने वाले ठोस कचरे का स्थाई निदान करने के लिए होने वाली कारगर पहल सालभर में फाइलों से बाहर नहीं निकली है। अभी तक रेट और लीज टाइम तय नहीं होने से प्लांट का काम भी शुरू नहीं हुआ है। त्रिपक्षीय एमओयू के बाद प्लांट लगाने के लिए निगम सीमा के रावांभाठा वार्ड में स्थित करीब 10 एकड़ सरकारी जमीन का चिन्हांकन किया गया है। इस प्लांट से फैलने वाले दुर्गंध और प्रदूषण की आशंका के मद्देनजर बिरगांव निगम ने कुछ दिनों पहले हुई सामान्य सभा में कविता सिक्ली, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकास साहू सहित सभी एमआईसी मेंबर्स प्लांट नहीं लगाने देने और जनता को नई समस्या से बचाने के लिए विरोध करने के लिए एकमत हुए। इस प्रोजेक्ट को दूसरे क्षेत्र में शिफ्ट करने मांग जिम्मेदार करने लगे हैं।

## त्रिपक्षीय एमओयू के बाद प्लांट लगाने के लिए रावांभाठा में तय की जमीन



**नहीं लगने दूंगा प्लांट**

पहले से ही औद्योगिक प्रदूषण का दंश जनता झेल रही है। निगम को अब नई समस्या देने की तैयारी है। किसी भी सूरत में बायोगैस प्लांट रावांभाठा में नहीं लगाने दूंगा, जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल करूंगा।

- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम बिरगांव

**एमओयू में जमीन देने सहमति**

*प्लांट लगाने की तैयारी जिस रफ्तार से शुरू की गई, वह अब सुस्त सिस्टम का हिस्सा बन चुकी है। सूत्रों ने बताया रायपुर-भिलाई निगम सीमा में अलग-अलग कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट लगाने समझौता हुए एक साल बीत चुका है। इन दोनों संयंत्रों में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड करीब 100 करोड़ रुपए का निवेश करने वाला है। सीएम आवास में बीपीसीएल के साथ एमओयू भी हुआ है। प्रोजेक्ट को पूरा करने में हरसंभव सहयोग का भरोसा सरकार ने भी दिलाया है। वहीं वर्षों पहले शहर के पानी को फिल्टर करने बनाए गए प्रोजेक्ट के लिए तय जमीन को अब बायोगैस प्लांट लगाने के लिए लीज पर देने की तैयारी है।*

**250 मीट्रिक टन कचरे की खपत**

बीपीसीएल इस प्रोजेक्ट के लिए सौ करोड़ का निवेश करके सीबीजी प्लांट लगाएगा। हर संयंत्र की क्षमता 100 से 150 टन प्रतिदिन होगी। सीबीजी संयंत्रों में जैव ईंधन के उत्पादन में हर दिन 200-250 मीट्रिक टन ठोस कचरे की खपत होगी। इसे बिरगांव के 40 और रायपुर निगम के 70 वार्डों से प्लांट ले जाया जाएगा। इससे क्षेत्र में फैलने वाली दुर्गंध और प्रदूषण बढ़ने का डर सताने लगा है। इस संयंत्र से हर साल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 60 हजार युवाओं को काम मिलेगा। शासन को हर साल जीएसटी मिलेगा। कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में पूरी क्षमता से उत्पादन और बिक्री का प्रावधान है।

**प्रभावित होगी बड़ी आबादी**

राज्य औषधि भंडारण केन्द्र के पास ही सामुदायिक अस्पताल और इससे जुड़े बंजारी माता वार्ड में कई प्राइवेट और सरकारी स्कूल हैं। इसके अलावा प्लांट लगाने के लिए तय जमीन घनी बसाहट के बीच है। बायोगैस प्लांट और कचरे के बदबू से आस-पास के लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। वार्ड 10,11,12, 13 और 14 में निवास करने वाली करीब 30 हजार से ज्यादा की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित होगी। रायपुर निगम में सकरी में बनाए गए प्लांट की स्थिति को देखते हुए बायोगैस प्लांट का विरोध करने का मन बनाया है।

## कहा- रायपुर पश्चिम में सांय-सांय विकास कार्य होते दिखेंगे

# 3 करोड़ के डामरीकरण कार्य का मूणत ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पूर्व मंत्री और रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को डीडीनगर में 3 करोड़ के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के आंतरिक मार्गों में होने वाले डामरीकरण कार्य का कुदाल चलाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम में अब सांय-सांय विकास कार्य होते दिखेंगे। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य द्वय सुमन-अशोक पांडे, दीपक जायसवाल, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल,जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू, वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना मेरा उद्देश्य है। जल्द ही पश्चिम विधानसभा के वार्डों में 125 करोड़ के नये विकास कार्यों का भूमिपूजन होगा। श्री मूणत ने कहा शहरभर में पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने अभियान चलाया जाएगा। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डो में दुकानदार बारिश तक दुकानों के पास व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करवा लें।

**महापौर ने बीते दिनों की याद ताजा की**

महापौर मीनल चौबे ने डीडी नगर वार्ड की जनता को पहले पार्षद और फिर महापौर के रूप में निर्वाचित कर जनसमर्थन देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैं जब डीडीनगर वार्ड से पार्षद बनी तब यह काफी बड़ा वार्ड था। इसमें डगनिया और बंजारी नगर शामिल थे। यहीं से मेरा वास्तव में सतत जनसंपर्क प्रारंभ हुआ था। डीडी नगर वार्ड पेयजल समस्या मुक्त वार्ड है। पेयजल संरक्षण को लेकर यहां से सकारात्मक संदेश जनता के बीच जाए। सभापति सूर्यकांत राठौर ने एकमुश्त 3 करोड़ के सड़क डामरीकरण की सौगात देने पर विधायक राजेश मूणत के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राज्य में पहली बार रेडक्रास सोसाइटी का हुआ चुनाव टोमन साहू प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- राज्यपाल की पहल पर पूरी हुई निर्वाचन प्रक्रिया, पहले होता था मनोनयन

सामाजिक और मानवीय सेवा के लिए काम करने वाली रेड क्रास सोसाइटी के पदाधिकारियों का पहली बार चयन चुनाव के माध्यम से हुआ। पूर्व में पदाधिकारी मनोनीत किए जाते थे, राज्य निर्माण के बाद पहली बार राज्यपाल की पहल पर निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। बालोद के टोमन साहू प्रदेश अध्यक्ष, जशपुर के रूपेश पाणिग्रही उपाध्यक्ष तथा बलौदाबाजार के संजय पटेल कोषाध्यक्ष चुने गए।

पूर्व में रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाता था। इस बार राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी की गई। प्रत्येक जिले से चयनित एक प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी का सदस्य होता है। इन सदस्यों के बीच पदाधिकारियों के पद के लिए चुनाव प्रक्रिया हुई। दावा किया जा रहा है कि इस चुनाव से रेड क्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों और समाजसेवियों में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का उद्देश्य मानवता की सेवा करना है। यह चुनाव छत्तीसगढ़ में समाजसेवा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगा। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सामने कई चुनौतियां और अवसर हैं। छत्तीसगढ़ जैसे विविधतापूर्ण राज्य में हर जिले की अपनी विशेष जरूरतें हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार के सवा साल में बस्तर बदहाल हो गया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है। बस्तर के आम आदमी रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर वर्तमान सरकार कोई काम नहीं कर रही है। बस्तर के लोगों के जीवन में परिवर्तन के लिये कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में जो काम शुरू किया था, वर्तमान सरकार ने उन सारी योजनाओं को बंद कर दिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिये शुरू की गयी शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना को बंद कर दिया। 65 से अधिक वनोपजों के वैल्यू एडीशन काम को बंद कर दिया, बस्तर कनिष्ठ चयन बोर्ड की कार्यवाही बंद हो गयी, हाट बाजार क्लीनिक दम तोड़ चुकी है। कोदो, कुटकी, रागी की खरीदी बंद है। मलेरिया उन्मूलन अभियान दम तोड़ चुका है। देशभर में चर्चित तथा बस्तर में रोजगार का प्रमुख साधन डेनेक्स भी बदहाल हो चुका है। भाजपा के लिये बस्तर का मतलब शोषण का केंद्र मात्र है। सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठाने वालों को ही टारगेट किया जा रहा है। एक बार फिर से बस्तर के लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में है। हमारे जल, जंगल, जमीन हमारी संस्कृति पर सरकार और सरकार के पूंजीपति मित्रों की नजर लग चुकी है।

### निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान एवं जयंती समारोह कल

**महासमुंद।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय डॉ भीमराव अंबेडकर, दादा नकुल देव ढीढी जयंती एवं सतनामी समाज से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम 18 अप्रैल को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में 12 बजे से रखा गया है। जिसमें सरपंच, उपसरपंच जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा नगरीय निकाय के पार्षद को सम्मानित करेगी। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले समाज रत्नों का सम्मान गुरु घासीदास सतनाम धर्म प्रचारक, गुरु अमरदास अध्यात्म, वीर बलिदानी गुरु बालकदास शौर्य, डॉ भीमराव अंबेडकर ज्ञान रत्न, मिनी माता महिला सशक्तिकरण, दादा नकुल देव ढीढी सतनाम अनमोल रत्न, पंथी नर्तक देवादास स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी सोमनाथ टोंडेकर ने बताया कि समाज के मेधावी छात्र जो शिक्षा सत्र 2023-24 में दसवीं बारहवीं में 70% से अधिक अंक प्राप्त किया है। उसका सम्मान भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पेज 11 का शेष

### जल शोधन संयंत्र...

सहित कैमिकल का यूज किया जाता है, बाकि सामान्य दिनों में कैमिकल का ही उपयोग कर जल को शुद्ध किया जाता है। इसके अलावा जल शोधन संयंत्र में काफी पुरानी मशीनों के उपयोग पर जनप्रतिनिधियों ने चिंता जाहिर की और तत्काल नपा कर्मियों को विस्तार से जरूरत की मशीनों की मरम्मत अथवा नया मशीन लगाने के लिए लिखित में जानकारी मांगी। इसके अलावा स्टोर रूम के क्षतिग्रस्त शटर की मरम्मत हेतु तत्काल निरीक्षण के दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, जितेंद्र कर्ष, शनि तांडव, राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# जांच के लिए सप्ताहभर इंतजार, नई एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन दिलाएगी मरीजों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीटी स्कैन अथवा एमआरआई जांच के लिये सप्ताहभर की वेटिंग की समस्या से जूझ रहे मरीजों को आने वाले दिनों में इससे मुक्ति मिल जाएगी। दोनों तरह की नयी मशीन खरीदने के लिए शासन द्वारा पिछले दिनों घोषित बजट में 28 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अभी पुरानी मशीनों से जांच की वजह से उन्हें सप्ताहभर इंतजार करना पड़ता है। राहत देने डीके अस्पताल जाकर जांच की व्यवस्था भी की गई है। आंबेडकर अस्पताल में आने वाले लगभग पचास फीसदी मरीजों को रेडियोडायग्नोसिस जांच की आवश्यकता होती है। इनमें सीटी स्कैन अथवा एमआरआई महत्वपूर्ण होता है। अस्पताल में दोनों तरह की जांच के लिए एक-एक पुरानी मशीन मौजूद है, जो लगातार उपयोग की वजह से धीमी रफ्तार से चलती है और कभी भी साथ छोड़ देती है। इसकी वजह से मरीजों की जांच प्रभावित होती है और सामान्य तरह के मरीजों को जांच के लिए सप्ताहभर तक इंतजार करना पड़ता है। विभागीय स्तर पर मरीजों की जल्दी जांच के लिए डीके अस्पताल रेफर करने का सिस्टम भी बनाया गया है, मगर इसका अधिक फायदा मरीजों को नहीं मिल पाया है। जांच के लिए लंबे इंतजार की परेशानी से मरीजों को जल्दी ही मुक्ति मिलने की उम्मीद है। जांच की सुविधा को अपग्रेड करने के लिए सीटी स्कैन मशीन के लिए 13 करोड़ और एमआरआई मशीन खरीदी के लिए 15 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

## आंबेडकर अस्पताल में नई मशीन खरीदी के लिए 28 करोड़ का प्रावधान

### इमरजेंसी मरीजों को प्राथमिकता

आंबेडकर अस्पताल पर मरीजों का काफी दबाव रहता है। रायपुर के साथ यहां दूसरे जिलों के मरीज भी आकर अपना इलाज करवाते हैं। इसके साथ ही अन्य अस्पतालों से भी गंभीर मरीज यहां रेफर किए जाते हैं। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को आवश्यकता होने पर यहां पहले जांच की सुविधा दी जाती है। सामान्य मरीजों की जांच के लिए पांच दिन तय होता है और दो दिन एनीस्थिसिया डे के रूप में बेहोश स्थिति वाले मरीजों की जांच की जाती है।



आंबेडकर अस्पताल की स्थिति

- करीब 13 सौ बेड की क्षमता, हमेशा हजार के करीब मरीज भर्ती
- रोजाना ओपीडी में 2 हजार तक मरीज, आईपीडी की संख्या 3 सौ
- औसतन 50 फीसदी मरीजों को सीटी स्कैन, एमआरआई जांच की जरूरत

### दूसरे अस्पताल की व्यवस्था कारगर नहीं

सूत्रों के अनुसार लंबी वेटिंग से बचने के लिए दूसरे अस्पतालों में जाकर जांच की व्यवस्था कारगर नहीं है। डीके के साथ जिला अस्पताल में भी नियमित के बाद अन्य मरीजों को जांच की सुविधा दी जाती है। चूंकि आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले ज्यादातर मरीज ग्रामीण इलाकों से होते हैं, उपचार के दौरान उन्हें किसी तरह की जांच के लिए दूसरे अस्पताल जाने में असहजता महसूस होती है।

# अहातों का खुला टेंडर, भाठागांव सबसे महंगा 66 लाख में गया, मेटल पार्क की सबसे कम 18 लाख लगी बोली

## दुगुनी कीमत पर लिया अहाते का टेंडर, इस बार दो साल का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में संचालित 39 अहातों का टेंडर मंगलवार को खोला गया। इस बार भी अहाता के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई है, जिसके कारण कई अहाते आबकारी विभाग द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से दो गुना से अधिक कीमत पर गए हैं। हालांकि कई देशी-विदेशी अहाते समूह में ठेके पर गए हैं। ये वही अहाते हैं जो एक ही स्थान पर संचालित हैं। जिन अहातों का टेंडर खुला, उनमें विदेशी कम्पोजिट भाठागांव का सबसे महंगा 66 लाख 6100 रुपए में गया है, जबकि इसका आरक्षित मूल्य 24 लाख 14 हजार रुपए था। इसके अलावा विदेशी कम्पोजिट लभांडी का अहाता भी 65 लाख 10 हजार रुपए में गया है, जबकि आरक्षित मूल्य 21 लाख 14 हजार रुपए था। इस तरह ये दोनों दोगुना से अधिक कीमत पर गए हैं। इसी प्रकार सबसे कम में मेटल पार्क उरला का विदेशी कम्पोजिट अहाता 17 लाख 80 हजार रुपए में गया है। इसका आरक्षित मूल्य 14 लाख 39 हजार रुपए रखा गया था।

कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में कलेक्टर गौरव सिंह की मौजूदगी में 46 अहातों का टेंडर खोला गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, नगर निगम रायपुर कमिश्नर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा सहित आबकारी विभाग के सहायक अधिकारी एवं उपनिरीक्षक के अलावा टेंडर भरने वाले आवेदक भी उपस्थित थे।



**इस बार दो साल का ठेका :** आबकारी की नई पॉलिसी के तहत पिछले वर्ष अहाता का ठेका एक वर्ष के लिए दिया गया था। इस बार ठेका दो वर्ष के लिए दिया गया है। अहाता का ठेका 21 अप्रैल 2025 से लेकर 31 मार्च 2027 तक के लिए दिया गया है।

**61 अहाता में 22 के लिए आवेदन ही नहीं आए :** आबकारी विभाग ने इस बार 61 अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इनमें से 46 अहाता समूह यानी 39 अहाता के लिए आवेदन किए गए। इनमें 3 अहाता के लिए सिंगल आवेदन, 12 अहाता के लिए 2-2 आवेदन तथा शेष अहाता के लिए दो से अधिक आवेदन किए गए थे। इस तरह कुल 32 अहाता समूह यानी 39 अहाता के लिए कुल 103 आवेदन किए गए थे। सबसे ज्यादा 8 आवेदन चंदनीडीह देशी-विदेशी अहाता के लिए आए थे। हालांकि 61 अहाता में से 22 अहाता के लिए एक भी आवेदन नहीं किया गया। इन अहातों के लिए अब दोबारा टेंडर निकाला जाएगा। यह टेंडर पोर्टल पर निर्धारित समय के लिए खोला जाएगा।

**ब्लैक लिस्टेड ने भी भरा आवेदन :** अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले 5 आवेदकों के आवेदन अपात्र मिले हैं, जिन्हें रिजेक्ट किया गया। इनमें एक आवेदक अजय सिंह पहले से ब्लैक लिस्टेड है। पिछले अहाता टेंडर में उसने बिलासपुर से ऑनलाइन आवेदन भरा था। टेंडर में सबसे अधिक बोली लगाने के कारण उसे अहाता का ठेका भी मिला था, लेकिन उसने अहाता खोलने की प्रक्रिया पूरी नहीं की, जिसके कारण उसे ब्लैक लिस्टेड किया गया है।

### कौन सा अहाता किस रेट पर गया, एक नजर...

| | आरक्षित मूल्य | इतने में गया |
|---|---|---|
| देशी-विदेशी रिंग नंबर-2 | 2715000 | 3672000 |
| विदेशी कटोरा तालाब | 1632000 | 2071200 |
| देशी-विदेशी डूमरतराई | 2520000 | 3762000 |
| देशी-विदेशी तिल्दा | 2251000 | 2255000 |
| देशी कम्पोजिट राजेंद्रनगर | 1559000 | 3560000 |
| देशी कम्पोजिट ट्रांसपोर्ट नगर | 1927000 | 2226000 |
| देशी-विदेशी फाफाडीह | 2577000 | 5200000 |
| देशी-विदेशी मोवा | 2911000 | 4104000 |
| देशी-विदेशी सड्डू | 3080000 | 3200500 |
| देशी कम्पोजिट भाठागांव चंगोराभाठा | 1745000 | 2011000 |
| देशी कम्पोजिट टाटीबंध | 1744000 | 2800000 |
| देशी कम्पोजिट मंदिर हसौद | 2078000 | 2385000 |
| विदेशी जीई रोड | 2112000 | 3253000 |
| विदेशी कम्पोजिट मेटल पार्क | 1439000 | 1780000 |
| विदेशी कचना कम्पोजिट | 1760000 | 4780000 |
| देशी कम्पोजिट गंजपारा | 2176000 | 5976000 |
| विदेशी कम्पोजिट भाठागांव | 2414000 | 6606100 |
| विदेशी कम्पोजिट लाभांडी | 2114000 | 6510000 |
| विदेशी कम्पोजिट गोगांव | 2561000 | 3024000 |
| विदेशी व्यासतालाब | 1682000 | 4914000 |
| देशी कम्पोजिट कुर्रा | 2077000 | 2512000 |
| विदेशी कम्पोजिट लालपुर | 1856000 | 3373000 |
| विदेशी कादरचौक | 1341000 | 4250000 |
| विदेशी कम्पोजिट भनपुरी | 1580000 | 3500000 |
| देशी कम्पोजिट उरला | 2515000 | 4545000 |
| विदेशी हीरापुर | 462000 | 2210200 |
| विदेशी कम्पोजिट मोटर स्टैंड | 1519000 | 5652000 |
| विदेशी कम्पोजिट टाटीबंध | 1054000 | 2800000 |
| विदेशी कम्पोजिट खमतराई | 1510000 | 3500000 |
| विदेशी कम्पोजिट सरोना मार्ग | 1412000 | 4440000 |
| विदेशी कम्पोजिट रायपुरा | 1462000 | 4260000 |
| देशी-विदेशी चंदनीडीह | 1457000 | 3000000 |

**शेष अहाता के लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा**

61 अहाता में कुल 39 अहाता के लिए आवेदन किए गए थे। इन सभी का टेंडर खोला गया। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को अहाता का ठेका दिया गया है। शेष 22 अहाता के लिए दोबारा पोर्टल पर टेंडर निकाला जाएगा।

*- रामकृष्ण मिश्रा, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

# आंबेडकर जयंती पर बांसबिनौरी में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम बांसबिनौरी में भारतीय सविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्य अथिति सविता भीम यादव ने बाबा साहेब के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की एवं उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब की सोच, उनके सिद्धांत और उनके सपने हमारे पथ प्रदर्शक हैं।

हम हमेशा उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते रहेंगे। ग्राम के सरपंच द्वारा मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष को प्रमुख मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें ग्राम पंचायत में खेल मैदान, गौठान, मुक्ति धाम, पौधारोपण के लिए आरक्षित भूमि को सुरक्षित एवं बाउंड्री वाल करने मांग पत्र सौंपा, जिसमें जनपद अध्यक्ष ने जल्द ही ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तावित आवेदन को मंत्री से मुलाकात कर जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत के अध्यक्ष सविता भीम यादव, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम ध्रुव, सरपंच चंदादेवी संतलाल ढीढी, अध्यक्षता कर रहे बी एल ध्रुव पूर्व सहायक आयुक्त परिवहन विभाग, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, नरोत्तम बघेल, दशरथ भारद्वाज, भानु ध्रुव, नेमु सोनवानी सहित उपसरपंच प्रमिला ध्रुव, पंच मनाराम ध्रुव, रितु ध्रुव, महेंद्र घृतलहरे, दिल बाई ध्रुव, धरमीन ध्रुव, साधना सोनवानी, बुधारु भारद्वाज, टिकेश्वरी देवांगन, पुष्पा बांधे, नारद विश्वकर्मा, मोहन साहू, कुणाल सेन, लखन, हरिकीर्तन यादव, निर्मला रजक, पवन ध्रुव, प्रमोद ध्रुव, दशरथ ठाकुर, सूरज बारले, श्याम सुन्दर ध्रुव, हीरामणि भारद्वाज, कामता प्रसाद, महेंद्र देवांगन, प्रवीण ध्रुव, शत्रुहन ध्रुव, राजेश बांधे, पवन भारद्वाज, दयाराम ध्रुव, सरपंच तामेश्वर साहू, प्रभात ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### पचरी में बाबा साहेब की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम पचरी में डॉ .बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया, सबसे पहले डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर कि छाया चित्र में आरती, माल्यार्पण, श्रीफल, पुष्प, गुलाल से पूजा अर्चना कर धजारोहण किया गया उसके बाद मिठाई वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जनपद सदस्य सुषमा राकेश टंडन, सरपंच सरिता चूड़ामणि डड़सेना, उपसरपंच गैंदराम जोशी, पंच गण व ग्राम वासी-प्रीति महेश भगत, भगवती डड़सेना, प्रतिमा जोशी, राजेश लहरे, चूड़ामणि डड़सेना, रामता डे, पवन डड़सेना, जनक डड़सेना, डोगरसिंग टंडन, मोहित डोरा, रमेश मन्नाडे, देवसिंग डोरा, धरम, मन्नू कुर्रे, दिनेश, रघु खलिावन भगत, पिंटू डोरा, मोहन टंडन, मानिक रात्रे, मानिक मन्नाडे, बसंत जांगड़े आदि लोग उपस्थित रहे।

# 9वीं-11वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



शासकीय विद्यालय खरोरा में बुधवार को 9वीं एवं 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। 9वीं में कुल दर्ज 390 में सम्मिलित 363 हुए, जिसमें 185 उत्तीर्ण तथा 142 अनुत्तीर्ण व 37 पूरक, उत्तीर्ण का प्रतिशत 50.96 प्रतिशत रहा। इसमें 9वीं अ में प्रथम स्थान आशीष कुमार 76.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान भुनेश्वरी साहू 72.67 प्रतिशत, तृतीय स्थान में दुर्गा निषाद 68.83 प्रतिशत, 9वीं ब में प्रथम ममता 81.33 प्रतिशत, द्वितीय कुमकुम यादव 80.67 प्रतिशत, तृतीय स्थान नूतन 68.83 प्रतिशत, 9वीं स में तोनुजा 80.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान संजना 74.66 प्रतिशत तृतीय स्थान शीतला 69.83 प्रतिशत, 9वीं द में आकाश कुमार 91.67 प्रतिशत, द्वितीय स्थान विनय देवांगन 88.17 प्रतिशत, तृतीय स्थान चिराग देवांगन 87 प्रतिशत व 9वीं अंग्रेजी माध्यम में हिमांशी वर्मा 94.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अनन्या देवांगन 92.83, तृतीय स्थान केशर देवांगन 87.5 प्रतिशत रही।

इसी प्रकार कक्षा 11वीं कुल दर्ज 270 में 263 सम्मिलित, उत्तीर्ण 173, अनुत्तीर्ण 31, पूरक 59, उत्तीर्ण का प्रतिशत 65.77 प्रतिशत रहा। इसमें 11वीं अ में प्रथम स्थान खुशबू साहू 85.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान हेमलता साहू 85.4, तृतीय नम्रता गिलहरे 84.8, 11वीं ब में प्रथम स्थान अंजली वर्मा 81.8, द्वितीय स्थान अमृता देवांगन 71.2 तृतीय स्थान चांदनी कहार 70 प्रतिशत, 11वीं स में प्रथम स्थान डॉली देवांगन 91.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पल्लवी सोनकर 90.20, तृतीय स्थान माही शर्मा 83.6 प्रतिशत एवं अंग्रेजी माध्यम विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान पूर्वी वर्मा 88 प्रतिशत, द्वितीय स्थान मोनिका नवरंगे 76.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान श्रेया देवांगन 75 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान रोहन देवांगन 83.2 प्रतिशत द्वितीय स्थान शिखा देवांगन 76.2 प्रतिशत, व तृतीय स्थान तुषार पाल 72.2 प्रतिशत रहे। सभी उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को प्राचार्य रजनी मिंज ने बधाई दी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2024-25
वाद भूमि ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती त्रिवेणी कोसले पिता खम्हन दास जाति सतनामी निवासी ग्राम हथबंद तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 194/8 रकबा 0.0150 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नं. 194/8 रकबा 0.0150 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति एवं तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 24/04/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष 2024-25
वाद भूमि ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा अग्रवाल पति सौरभ अग्रवाल जाति बनिया निवासी ग्राम हथबंद तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नं. 196/4 रकबा 0.0250 हे. आवेदिका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि खसरा नं. 196/4 रकबा 0.0250 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्ननिर्धारण किये जाने आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति एवं तलवाना संलग्न कर प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त आवेदित भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 24/04/2025 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
अतएव आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।
मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि
समाचार पत्र सारंगढ-बिलाईगढ़ जिला के अंतर्गत बिलाईगढ़ एवं टुण्ड्री में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बलौदाबाजार — भाटापारा रोड, बस स्टैण्ड बलौदाबाजार, मो. 8224035555
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर — धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.) मो. 8370049468, 9098595071

# नगर में समस्याओं पर अध्यक्ष गंभीर

## समस्याओं के निदान के लिए मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

- बुलाई अधिकारियों की बैठक

नगर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को नगर पंचायत में सुनीता अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा के नेतृत्व में सभी विभागों के आला अधिकारियों की बैठक रखी गई। इसमें समस्त परिषद पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम पेयजल समस्या को लेकर चर्चा की गई तथा वर्षों से निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने पर जोर दिया गया और तात्कालिक व्यवस्था के दृष्टिगत पीएचई के माध्यम से ट्यूबवेल उत्खनन करने कार्ययोजना बनाई गई। इस प्रकार बारी–बारी सभी विभागों के कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। नगर में बढ़ते अतिक्रमण और अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने राजस्व विभाग का सहयोग मांगा गया। नगर में बढ़ते अवैध शराब बिक्री और शराब दुकान के शिफ्टिंग को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं दूसरी ओर नशीली दवाओं के विक्रय करने वाले औषधि केंद्रों का भी निरीक्षण हेतु कार्य योजना तैयार की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जा रहे डिवाइडर रोड के कारण यातायात प्रभावित रहने और कार्य का शेड्यूल दिन के स्थान पर रात्रि में किये जाने चर्चा की गई। साथ ही नगर से गुजरने वाली भारी वाहनों को बायपास मार्ग से कैसे बाहर निकाला जाय इस पर भी चर्चा की गई। नगर में न्यूसेंस फैलाने वालों व्यापार पर भी कड़ाई किये जाने और नियमों का पालन नई करने वालों पर भी कार्रवाई करने चर्चा की गई।

### समस्याओं को लेकर अधिकारी से की चर्चा

इस पर नगर पंचायत द्वारा मांस विक्रय हेतु चिन्हांकित स्थल से हटकर व्यापार करने वाले तथा दुकानों के बाहर सामान निकालकर व्यापार करने वालों पर शख्ती से कार्रवाई करने की बात कही गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी और स्वास्थ्य कर्मियों के गलत रवैये को लेकर परिषद पदाधिकारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्था सुधारने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद प्रभारी को बोला गया। अंत में नगर में विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने विभाग से आये अधिकारी से चर्चा की गई और समस्याओं के जल्द से जल्द निदान हेतु कार्य करने कहा गया। बैठक में तहसीलदार शेखर मंडाई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर, डॉ. देवधर, पीएचई विभाग के एसडीओ, पी डब्लु डी के अधिकारी, विद्युत विभाग से जेई और नगर पंचायत के सभी परिषद पदाधिकारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सरायपाली में डेढ़ लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** सरायपाली में दो आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को 15 अप्रैल को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति एक मोटर सायकल में अवैध रूप से गांजा परिवहन बिक्री के लिए सरायपाली की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस ने जमबलहीन मंदिर झिलमिला के पास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताये हुलिए के मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओआर-03-जी-2835 को रोका। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मायाधर नाहक पिता रतन नाहक (35 वर्ष) उपरगुड़ा थाना व जिला बलांगीर ओडिशा, समारू सेठ पिता जन्मो सेठ (32 वर्ष) बरपाली थाना बरपाली जिला बरगढ़ बताएं। आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग का प्लास्टिक झोले में रखे 03 नग (पैकेट) मादक पदार्थ गांजा वजन 3 किग्रा कीमत 1,50,000 रुपए, घटना में प्रयुक्त एक लाल रंग का हीरो पेशन प्रो मोटर सायकल कीमत 40,000 व मोबाइल जब्त किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम किया गया ।

### हाईटेंशन तार की चपेट मे आने से राजमिस्त्री घायल

**नर्रा।** हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक राजमिस्त्री घायल हो गया। ग्राम नर्रा निवासी मुकेश पटेल पिता पंडूराम (30 वर्ष) ठेकेदार विनोद साहू ग्राम मुडागांव ओडिशा के अंडर में राज मिस्त्री काम करता था। आलोक अग्रवाल वार्ड क्रमांक 8 खरियार रोड में चल रहे मकान निर्माण में काम कर रहा था। ऐसा जानकारी मिली है कि इस मकान के ऊपर से हाईटेंशन 11 हजार केवी तार गुजरा हुआ है । बीते गुरुवार 3 अप्रैल को करंट के चपेट आने से नर्रा निवासी मुकेश पटेल बुरी तरह से झुलस गया। उसका साथ काम कर रहे मेघराज पांडे और जागेश्वर यादव बाल-बाल बच गए । मुकेश आनन फानन मे नुआपाड़ा अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत को देखते हुए वहां के डाक्टरों ने रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है । मिली जानकारी के अनुसार मुकेश पटेल का हाथ बुरी तरह से करंट मे सुलझ जाने से उनके दोनो हाथ के कोहनी तक काटा गया है ।

### लीलर में मानसगान सम्मेलन हुआ

**धमतरी।** श्री रामनवमी पर्व पर लीलरवासियों के सहयोग से दो दिवसीय श्रीराम चरित्र मानस सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें अंचल की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हेमंत नेताम, दीपक सिन्हा, अगस्त नेताम, कल्याण ठाकुर, सूर्या नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन राममिलन साहू ने किया।

### वार्षिक अधिवेशन 17 को

**मगरलोड।** खिसोरा परिक्षेत्र साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन 17 अप्रैल को ग्राम नवागांव खिसोरा में होगा। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू होंगे।

# डॉ. भीमरावआम्बेडकर ने समतामूलक समाज का दिया संदेश

## नगर में आम्बेडकर जयंती पर मरीजों को बांटा गया फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भारतीय संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर बुद्धीजीवी वर्गों द्वारा कसडोल नगर क प्रतीक्षा बस स्टैंड में स्थापित उनकी आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कैंडल जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस दौरान मरीजों को फल बांटा गया। व मानव मानव एक समान व समता मूलक समाज, बंधुत्व भाईचारा, न्याय पर आधारित संविधान की रूपरेखा को बखूबी मंच पर वक्तगणों द्वारा उल्लेख किया गया। अंत में सभी ने बाबा साहब के बताए हुए मार्ग पर चलकर के पूरे देश का सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में नगर के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी व पुलिस प्रशासन विभाग की ओर से पुलिस थाना कसडोल से टीआई रितेश मिश्रा, नकुल प्रसाद बांधे, विनोद कुमार चेलक अध्यक्ष सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति, संतोष मिरी अध्यक्ष मिनीमाता सेवा समिति, मनोज जटवार, मिथिलेश घृतलहरे, मंथीर घृत लहरे, जितेंद्र जांगड़े, योगेश कुमार, गोपी राम जाटव, रामसागर कोसले, संतोष भारती पार्षद, सुनील चेलक, रामचंद खूंटे, राजकुमार महिलागे, बलराम डहरिया, डॉ. रवि शंकर अजगले, डॉ. सुरेंद्र दिव्याकर, गोविंद घृतलहरे, कोमल कुर्रे, शिवदयाल भारद्वाज एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





### आंबेडकर के जीवन दर्शन एवं संघर्ष पर आधारित विचार व्यक्त किए

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक ने पंचशील के सिद्धांत और तृशरण के सिद्धांत पर चलकर बाबा साहब के बताएं मार्ग पर चलने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वासनिक ने बाबा साहब आंबेडकर के जीवन दर्शन एवं संघर्ष पर आधारित विचार व्यक्त किया। बौद्ध धर्म की जानकारी दी। बुद्ध धर्म नहीं बल्कि बुद्धि से संबंधित है ऐसा बतलाया। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान दिया है

# जरूरमंद को मंत्री टंकराम ने सौंपी पक्के मकान की चाबी

**हितग्राहियों के आवास निर्माण के लिए पंजीयन भी कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना तुंहर द्वार साय सरकार योजना अंतर्गत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने बुधवार को ग्राम मोहरा पहुंचकर गरीब परिवार अनीता वर्मा को पक्के मकान रूपी खुशियों की चाबी सौंपी तथा अनीता निषाद और जगर बाई फेकर के लिए पक्के मकान का रजिस्ट्रेशन कराया। योजना अंतर्गत पूरे गांव में घूम कर सर्वे करने के बाद उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन, 3100 प्रति क्विंटल में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और भूमिहीन कृषकों को 10 हजार देने वाला पहला राज्य है। साय सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को देश का विकसित और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में काम करने वाला बताते हुए उन्होंने कहा कि पीएससी में गरीब बच्चों का तहसीलदार इंस्पेक्टर जैसे बड़े–बड़े पदों पर चयन, घर नक्सली गांव में मतदान और वहां पर स्कूल खुलना, सात से आठ नक्सलियों का मर जाना तथा 1 हजार रूपये नक्सलियों का समर्पण हमारी नीति और नियत को दर्शाता है। मोदी की गारंटी पूरा होने तथा छत्तीसगढ़ को देश का अग्रणी राज्य बनाने का विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि साल सवा साल के भीतर अकेले मोहरा गांव में लगभग 70 लाख का विकास कार्य कराया जा चुका है। सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद सदस्य पुष्पा चेलक, मोहरा सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटारिया ने तथा आभार प्रदर्शन जनपद सीईओ अमित दुबे ने किया। समारोह में सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष कीर्ति वर्मा, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, डॉ. हेमंत साहू, सरपंच हिरमी पुनऊ भारती, भोथाडीह सरपंच धनेश निर्मलकर, संतन बांधे, छत्रधारी वर्मा, मन्नू लाल निषाद, मंतराम बंजारे, कोपराम वर्मा, कार्तिक वर्मा, चंदन डहरिया, प्राणनाथ वर्मा, शेष धुरंधर, पूर्णिमा धुरंधर, बोधराम वर्मा, सनत वर्मा, भूषण वर्मा, कार्तिक राम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### स्कूल मैदान समतलीकरण के लिए 15 लाख की घोषणा

उन्होंने स्कूल मैदान समतलीकरण के लिए 15 लाख और रंगमंच निर्माण के लिए 7 लाख की घोषणा करते हुए कहा कि राजधानी को जोड़ने वाला बहु प्रतिक्षित पड़कीडीह, रावन, हिरमी, मोहरा मार्ग के लिए कुछ दिनों के भीतर भूमि पूजन कर दिया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने योजना की विस्तार से जानकारी दी, वहीं जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा ने सभी से शासन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

# पंचायत सचिवों ने दिवंगत साथियों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पंचायत सचिव संघ की हड़ताल के 31 वें दिन धरना स्थल पर जनपद पंचायत तिल्दा परिसर में बुधवार को जिलाध्यक्ष अमर धनकर, कोषाध्यक्ष हेमलाल साहू, लखन लाल वर्मा, धर्मेंद्र साहू, मनीराम परमार शामिल हुए। धरना स्थल में दिवंगत सचिव साथी स्व. राजकुमार कश्यप जिला कोरबा का धरना स्थल पर हृदय घात से मृत्यु, स्व. मोहित साहू जिला महासमुंद, स्व. रामेश्वर चौहान जिला जशपुर के आकस्मिक मृत्यु पर धरना स्थल में 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। शासन से दिवंगत साथी के परिवार को मुआवजा राशि एवं आश्रित सदस्य को शासकीय नौकरी दिये जाने की मांग करते हुए धनकर ने कहा कि भूख हड़ताल लगातार जारी रहेगी तथा 28 तारीख को दिल्ली के जंतर मंतर में आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए जाने हेतु तैयारी की जा रही है। आगामी दिवसों में मुख्यमत्री निवास, पंचायत मंत्री विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी के निवास घेराव करने की जानकारी भी दी

# सीएमएचओ ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में यह देखा गया कि बायोमेडिकल को जनरल वेस्ट में ही सम्मिलित कर दिया गया हैं। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित कर्मचारियों को सीएमएचओ ने फटकार भी लगाई और उचित प्रबंधन के निर्देश दिये।

- बायोमेडिकल वेस्ट का उचित प्रबंधन करने दिए निर्देश



सीएमएचओ ने अस्पताल में वार्ड, प्रयोगशाला, फार्मेसी, प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया। लैब में टीबी की जांच बढ़ाने को कहा गया।जो अधूरे केस शीट थे उसे पूरा करने को कहा गया।

ड्यूटी रजिस्टर बनाकर पीएनसी और आईपीडी वार्ड अलग करने, मितानिन की बैठक कर उन्हें दवाई देने तथा 20 बिस्तर वार्ड की साफ सफाई करने को भी सीएमएचओ ने निर्देशित किया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस पटेल, नोडल अधिकारी मातृ स्वास्थ्य डॉ. शशि जायसवाल, सलाहकार हर्ष लता जायसवाल तथा डीपीएनएचओ पारस सोनबर मौजूद थे।

# तंदुरुस्ती के लिए उचित खानपान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

क्षेत्र में पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक जारी है, इसके तहत आंगनबाड़ी केंद्र आरोग्य मंदिर रावन के आयुष चिकित्सा डा. रितु रानी वर्मा ने उचित खान–पान के बारे में जानकारी दी। वहीं योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा ने कहा कि स्वस्थ सेहत के लिए उचित खानपान जरूरी है। वे प्रतिदिन योग प्राणायाम बारिकियों से जानकारी देते हुए योगाभ्यास करा रहे हैं। योग प्रशिक्षक दीपक कुमार वर्मा के सानिध्य में विहान योजना 30 सहायता समूहों के महिलाओं को शीतली प्राणायाम की बारिकियों से जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा बाई, केंवरा बाई, संतोषी, नीमा वर्मा, संतोषी वैष्णव, अनिता बाई और सहायिका सहित विशेष योगदान दे रहे हैं। पोषण पखवाड़ा के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र स्थानीय पोषण



संसाधनों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, सामुदायिक जागरूकता और पोषण जैसे आयोजन किए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में दैनिक गतिविधियों की तिथिवार थीम आधारित कैलेंडर तैयार किया गया है। पखवाड़ा के दौरान पोषण रैली, गर्भवती महिलाओं और धात्री माता एवं किशोरी बालिकाओं के साथ पोषण ट्रैकर में हितग्राही मॉडल पर समूह चर्चा, कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन जारी है।

# सकरी पंचायत में अखण्ड नवधा रामायण जारी

**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत सकरी में अखण्ड नवधा रामायण समति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में 13 अप्रैल से श्री अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन जारी है। समिति अध्यक्ष धनेश वर्मा ने बताया कि रामायण समारोह में भाग लेने हेतु अंचल के सभी मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में प्रतिदिन 5 से 10 मानस मंडलियों द्वारा भाग लेकर संगीत के माध्यम से श्रीराम चरित्र का वर्णन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामायण समारोह में भाग लेने वाले सभी मानस मंडलियों को 351 प्रोत्साहन राशि के साथ नारियल व सुन्दरकांड बुक भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर सरंक्षक भानू प्रताप शर्मा, ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष थानूराम साहू, संचालक मूरारी साहू, सचिव प्रमोद देवांगन, सहसचिव नेमीचंद साहू, प्रेमू साहू, मनहरण साहू उपस्थित रहकर सभी लोगों को सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



### जिला पंचायत स्थायी समिति गठन हेतु

**महासमुंद।** जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां नियम, 1994 के नियम 6 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला पंचायत महासमुंद की स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया के लिए अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में निर्वाचन सम्मिलन आगामी 23 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। पीठासीन अधिकारी के निर्देशन में यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है, ताकि समिति गठन की प्रक्रिया सुचारु रूप से सम्पन्न हो सके।

